एग्री आर्टिकल्स
(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 02, अंक: 03 (मई-जून, 2022)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

मेघदूत ऐप से घर बैठे किसानों को मिलेगी खेती और मौसम की सारी जानकारी व आकाशीय बिजली से खुद को सुरक्षित कर सकते हैं किसान, दामिनी ऐप पर मिलेगा अलर्ट

(*अजय कुमार यादव)
[1]कीट विज्ञान विभाग, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
* ajayyadavbohra@gmail.com

कई बार किसान सुबह फसल की सिंचाई करते हैं और शाम को बारिश हो जाती है, ऐसे में इस ऐप की सहायता से किसानों को घर बैठे सारी जानकारी मिलेगी। इस ऐप का नाम मेघ दूत है जिसे कृषि मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मिलकर जारी किया किया है। मौसम के साथ ही इस ऐप में खेती किसानी और पशुपालन की भी सारी जानकारियां मिलती हैं।

इस ऐप से बारिश कब होने वाली है, आपके इलाके का मौसम कैसा रहने वाला है, कब कौन सी फसल की बुवाई करनी है, ऐसी कई जानकारियां मिलती हैं। जैसे कि रबी की फसलों की बुवाई में कौन से राज्य में कौन से जिले में किसान फसल की कब बुवाई कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए किसानों को उनके क्षेत्र के हिसाब से मौसम आधारित जानकारी और खेती किसानी व पशुपालन संबंधित जानकारी उनकी क्षेत्रीय भाषा में मिलती है। इस ऐप के जरिए किसान अपनी फसल और पशुओं की देखभाल कर सकते हैं।

इस ऐप में हफ्ते में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को सारी जानकारी अपडेट होती है, ऐप में फिलहाल देश के डेढ़ सौ जिलों की जानकारियां हैं, आने वाले समय में ये देश भर के सभी जिलों के लिए उपलब्ध होगा।

ऐसे काम करता है ऐप

मेघदूत की खूबियां आपने जान ली, चलिए आपको बताते हैं, ये काम कैसे करेगा, सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर और ऐप स्टोर में जाकर इसे डाउनलोड करना होता है। इसके बाद साइनअप करना होगा, इसमें नाम, मोबाइल नंबर, भाषा, जेंडर, स्टेट और जिला चुनना होगा, बस साइन अप हो जाएगा, अब आपको अपने प्रदेश और जिले के हिसाब से आपको सारी जानकरियां मिलने लगेंगी।



आकाशीय बिजली से खुद को सुरक्षित कर सकते हैं किसान, दामिनी ऐप पर मिलेगा अलर्ट

हमारे देश की 80 फीसदी से ज्यादा खेती मौसम आधारित है। मौसम ठीक रहा तो किसानों की बल्ले–बल्ले, नहीं तो सब कुछ ठप। मौसम के भी खेल निराले हैं कहीं सूखा तो कहीं बाढ़। मौसम की सही जानकारी नहीं होने से हर साल किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इतना ही नहीं हर साल सैकड़ों किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अपनी जान गंवा देते हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारतीय ऊष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे 'दामिनी' नाम का ऐप किया है। यह ऐप किसान को मौसम के बारे में तो हर पल की जानकारी देगा ही साथ ही आकाशीय बिजली के बारे में भी अलर्ट जारी करेगा। बिजली गिरने का अलर्ट मिलने पर खेतों में काम कर रहे किसान समय रहते सुरक्षित जगह पर जा सकते हैं।

दामिनी ऐप

- यह ऐप मुफ्त है। इसे प्ले–स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।
- किसानों को इस ऐप में रजिस्ट्रेशन करना होगा और लोकेशन की जानकारी देनी होगी।
- लोकेशन के अनुसार एरिया के 20 किमी के दायरे में बिजली गिरने की चेतावनी मिलेगी।
- दामिनी ऐप कि मदद से मोबाइल फोन पर लोगों को वज्रपात के बारे में अलर्ट मिलेगा।
- अलर्ट बिजली गिरने से 30 से 40 मिनट पहले आडियो और एसएमएस के माध्यम से मिलेगा।
- ऐप से 40 वर्ग किलोमीटर के दायरे में वज्रपात का सटीक पूर्वानुमान हो मिलेगा।
- पृथ्वी मंत्रालय ने देश के 48 हिस्सों में 48 सेंसर्स के साथ लाइटिंग लोकेशन नेटवर्क स्थापित किया है।
- यह नेटवर्क बिजली की गड़गड़ाहट और वज्रपात की गति के बारे में सटीक जानकारी देता है।

दामिनी ऐप के फायदे

- आकाशीय बिजली की जानकारी समय पर मिलने से किसान सुरक्षित स्थान जाकर जान बचा सकते हैं।
- जानवरों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर बिजली से असर से बचाया जा सकता है।
- मोबाइल ऐप को डाउनलोड करके मॉनसून में बिजली गिरने की जानकारी से जानमाल की रक्षा कर सकते हैं।
- बिजली चमकने पर बरतें सावधानी
- धातुओं के बर्तन न धोएं और नहाने से बचें।
- किसी पक्की जगह पर शरण लें।
- बारिश या जमीन पर भरे पानी से बचें। छाते का इस्तेमाल न करें।
- हाई टेंशन तारों और टावर से दूर रहें।
- बिजली से बचने के लिए खेत, पेड़ के नीचे, पहाड़ी इलाके का इस्तेमाल न करें।
- आप खुले में हैं तो खुली जगह पर ही घुटनों के बल कान बंद करके बैठ जाएं।